स्पीड पोस्ट

कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर–1),
ग्रामीण निर्माण विभाग,
तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, उत्तराखण्ड देहरादून।

पत्रांक 3411 /निर्माण–8/2020–21, दिनांक 28 मार्च, 2022।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड देहरादून/उत्तरकाशी/टिहरी/घनसाली/पौड़ी/कोटद्वार/
भिकियासैण/उधमसिंहनगर/पिथौरागढ़/चम्पावत/बागेश्वर/डीडीहाट।

विषयः– **ग्रामीण निर्माण विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में 29 नई ग्रामीण सड़क निर्माण योजनाओं की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के सम्बन्ध में**

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 70/XII-3/2022/83(03)/2021 दिनांक 28.03.2022 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में 29 नई ग्रामीण सड़क योजनाओं के लिए विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने एवं सर्वेक्षण हेतु विभागीय टी0ए0सी0 द्वारा आंकलित एवं शासन द्वारा परीक्षणोंपरान्त औचित्यपूर्ण धनराशि **रू– 70,12,500/– (सत्तर लाख बारह हजार पांच सौ मात्र)** की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए संलग्नक के कॉलम 2 में उल्लिखित योजनावार कॉलम 5 में उल्लिखित विवरणवार स्वीकृत करते हुए उक्त धनराशि को संलग्न विवरण के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु निम्न शर्तो के अधीन आवंटन किया जाता हैः–

1– विभिन्न मदों में व्यय से पूर्व वित्त अनुभाग–1 के शासनादेश सं0–847/XXVII(1) /2016 दिनांक 26.07.2016 द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों के आलोक में कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। साथ ही सक्षम स्तर की अनुमति/यथास्थिति शासन का अनुमोदन प्राप्त कर ही विभिन्न मदों में व्यय किया जाय।

2– किसी भी शासकीय व्यय हेतु वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन नियम), वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 (लेखा नियम), आय–व्ययक सम्बन्धी नियम (बजट मैनुअल), उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली, 2017, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के शासनादेश तथा अन्य सुसंगत नियम, शासनादेशों आदि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

3– नियमानुसार एवं वास्तविकता के आधार पर ही धनराशि व्यय की जाय, कार्य की स्वीकृत लागत की सीमा तक ही धनराशि व्यय की जाय। कार्य की लागत से अधिक व्यय सृजित किये जाने पर सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाय।

4– निर्माण कार्य हेतु अनुमोदित दर अनुसूची (SOR) आधार पर गठित आगणन का सक्षम/प्राधिकृत स्तर से परीक्षण एवं तदोपरान्त वित्तीय/प्रशासनिक और तकनीकी/प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त कर ही आहरण एवं व्यय किया जायेगा।

5– बजट प्राविधान किसी भी लेखा शीर्षक/मद के अन्तर्गत व्यय की अधिकतम सीमा को ही प्राधिकृत करता है अतः बजट प्राविधान से अधिक किसी भी दशा में न तो व्यय किया जाय और न ही पुनर्विनियोग व अन्य माध्यम से अतिरिक्त बजट की प्रत्याशा में कोई व्यय भार/दायित्व सृजित किया जाय।

6– आहरण वितरण अधिकारी तथा कोषाधिकारी को अवमुक्त धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित बी0एम0–प्रपत्र पर प्रत्येक माह की 5वीं तिथि तक इस कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाय।

7– निर्गत की जा रही वित्तीय स्वीकृतियों से कराये जाने वाले कार्यों की सूचना सुराज, भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जन सेवा विभाग उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–1638/XXX-1-12(25)2011, दिनांक 08.12.2011 द्वारा अपेक्षित राज्य सरकार की वेबसाइट www.ua.nic.in तथा

विभाग की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से प्रकाशित की जायेगी और उन्हें समय–समय पर अध्यावधिक किया जायेगा।

8– शासनादेश संख्या–445/XII-3/2021/87(07)/2019 दिनांक 19.07.2021 का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जायेगा। पूर्ण रूप से विवाद रहित मोटर मार्गो की डी0पी0आर0 नाबार्ड से वित्त पोषण हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

उक्त सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के स्वीकृत आय–व्ययक के सापेक्ष अनुदान संख्या–19 के लेखाशीर्षक 4515–अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय–103–ग्राम्य विकास–03–ग्रामीण सड़कें एवं ड्रेनेज–53–वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत किया जायेगा। इस प्रयोजन हेतु Online Budget Allotment की हार्ड कॉपी भी संलग्न की जा रही है।

यह आदेश वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासनादेश सं–207/XXVII-1/2022 दिनांक 25.03.2022 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

28/3/22

मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)
ग्रामीण निर्माण विभाग
उत्तराखण्ड देहरादून।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।

2– सम्बन्धित कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी/उप कोषाधिकारी।

3– निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें उत्तराखण्ड 23 लक्ष्मी रोड, देहरादून।

4– मुख्य अभियन्ता (स्तर–2), ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित भीमताल।

5– अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, परिमण्डल देहरादून/पौड़ी/नैनीताल/पिथौरागढ़ को इस आशय से कि प्रपत्र बी0एम0–4 पर संकलित व्यय विवरण प्रत्येक माह की 5वीं तिथि तक मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

6– गार्ड फाईल।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

वरिष्ठ वित्त अधिकारी
कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)
ग्रामीण निर्माण विभाग
उत्तराखण्ड देहरादून।

शासनादेश संख्या-70 /XII-3/2022/83(03)/2021, दिनांक 28 मार्च, 2022 का संलग्नक

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड का नाम | स्वीकृत लम्बाई (किमी0 में) | सर्वेक्षण एवं DPR गठन हेतु अवमुक्त धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड थलीसैण के अन्तर्गत त्रिपालीसैण-थलीसैण मोटर मार्ग मे कुण्डील मोटर मार्ग से ग्राम किरसाल तक निर्माणाधीन ग्रामीण मोटर मार्ग को एन0एच0-121 से सयोजन हेतु (लोह सेतु सहित) ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | पौड़ी। | 2.50 | 8.97 |
| 2. | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत चैलूसैण देवीखेत के मुख्य मोटर मार्ग से दिखेत तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | कोटद्वार। | 2.00 | 3.00 |
| 3 | जनपद बागेश्वर के वि0ख0 कपकोट के अन्तर्गत चौनाला-लगविनायक मोटर मार्ग के कि0मी0 03 मे जूनछानी तोक से हाल्टी फेणीनाग मंदिर तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | बागेश्वर। | 3.00 | 4.50 |
| 4. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 बाजपुर के ग्राम रैहन्टा-सिंहाली मार्ग से भीकमपुरी तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (अपग्रेडेशन) | ऊधमसिंहनगर | 2.575 | 1.545 |
| 5. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 सितारगंज के अन्तर्गत ग्राम राजनगर मे मुख्य मार्ग से रवीन्द्र बाईन एवं दिग्विजय के घर तक मार्ग का डामरीकरण कार्य। (अपग्रेडेशन) | ऊधमसिंहनगर। | 1.10 | 0.66 |
| 6. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 रूद्रपुर के अन्तर्गत तहसील के ग्राम प्रतापपुर-नारायणपुर मे कच्चे मार्ग का डामरीकरण कार्य। (अपग्रेडेशन) | ऊधमसिंहनगर। | 1.25 | 0.75 |
| 7. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 रूद्रपुर के अन्तर्गत तहसील ग्राम नजीमाबाद डौराडाम में कच्चे मार्ग का डामरीकरण कार्य। (अपग्रेडेशन) | ऊधमसिंहनगर। | 1.40 | 0.84 |
| 8. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 खटीमा नौगवाठग्गु मे मेन रोड से दीवानीचन्द, विक्रम चन्द, किशन चन्द के घरों की ओर मार्ग का डामरीकरण कार्य। (अपग्रेडेशन) | ऊधमसिंहनगर। | 1.50 | 0.90 |
| 9. | जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 चौखुटिया के अन्तर्गत ग्राम अखोती से प्रेमपुरी तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | भिकियासैण। | 1.50 | 2.25 |
| 10. | जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड प्रतापनगर के अन्तर्गत मांजफ-भेलुता मोटर मार्ग कि0मी0 03 से ग्राम खेत के रौड नामे तोक तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | टिहरी | 1.40 | 2.10 |
| 11. | जनपद चम्पावत के वि0ख0 लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डूंगरी फत्र्याल के कर्णकरायत तोक से पुरचौडा होते हुए बुंगाफर्त्याल एवं थुवामेहरा तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण।'। (अपग्रेडेशन) | चम्पावत। | 3.00 | 1.80 |
| 12. | जनपद चम्पावत के वि0ख0 चम्पावत के अन्तर्गत ग्राम चमनपुरी मे श्री प्यारेलाल के घर से कुष्ट आश्रम तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण।'। (अपग्रेडेशन) प्रखण्ड | चम्पावत। | 1.20 | 0.720 |



Generated from eOffice by BIJENDRA VERMA, RO-BV, REVIEW OFFICER, Rural Works Department on 28/03/2022 04:27 PM

/2022

3/2022

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 मुनस्यारी के अन्तर्गत मिनी बैण्ड से मिनी गांव की ओर ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | डीडीहाट। | 1.60 | 2.40 |
| 14. | जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 कनालीछीना के अन्तर्गत देवलथल-बगडोली मोटर मार्ग से ग्राम बनोगांव तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | डीडीहाट। | 3.00 | 4.50 |
| 15. | जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 कनालीछीना के अन्तर्गत ग्राम सिंगाली के पत्थरकोट से डिगरा तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | डीडीहाट। | 2.00 | 3.00 |
| 16. | जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 गंगोलीहाट मे चमलेख से कलौन ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | पिथौरागढ़। | 2.00 | 3.00 |
| 17. | जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 बिण के अन्तर्गत सिमोरा से पतेत चुलाकाट (प्यार देवी) तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | पिथौरागढ़। | 1.50 | 2.25 |
| 18. | जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत गजा-देप्रयाग-पौड़ी राज्यमार्ग सं0-31 के 11वें किमी0 (पोखरी के समीप) दंदेली कालूधेरा सलाणगाव तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | टिहरी। | 3.50 | 5.250 |
| 19. | जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड भिलंगना के अन्तर्गत मूलगढ़ धगालोली मोटर मार्ग के पूरवालगाव से अनुसूचित जाति बस्ती चेरी सौणधार तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | घनसाली। | 2.00 | 3.000 |
| 20. | जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड जाखणीधार के अन्तर्गत पीपलडाली स्वाडी गडोलिया मोटर मार्ग के स्थान सेमवालतोक से गडोलिया गांव होकर जूनियर हाई स्कूल गडोलिया तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | घनसाली। | 2.50 | 3.750 |
| 21. | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत संगलाकोटी-पोखड़ा मुख्य मोटर मार्ग के सेमीसेरा से ग्राम सेमी तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | पौड़ी। | 2.00 | 3.000 |
| 22. | जनपद देहरादून के विकासखण्ड कालसी के अन्तर्गत ग्राम पं0 कुनावा के सावना पुरोडी मोटर मार्ग से तराणा डांडा तक मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | देहरादून। | 1.70 | 2.550 |
| 23. | जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर के अन्तर्गत ठाकुरपुर झाझरा मोटर मार्ग पर आडवाणी स्कूल से परवल तक मार्ग की मरम्मत एवं सुधार कार्य (स्टेज-1) | देहरादून। | 1.90 | 1.140 |
| 24. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 गदरपुर के अन्तर्गत ग्राम सुन्दरपुर वार्ड न0-01 मे अन्दुवा नदी की पुलिया से सुन्दरपुर ग्राम तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण (स्टेज-1) | ऊधमसिंहनगर | 1.50 | 0.900 |
| 25 | जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्रामसभा पचौरिया वि0ख0 खटीमा के अन्तर्गत महेश चन्द्र जोशी के घर से हेमवती नन्दन जोशी के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | ऊधमसिंहनगर | 0.12 | 0.070 |
| 26. | जनपद बागेश्वर के वि0ख0 गरूड के अन्तर्गत पिंगलों-सिमखेत मोटर मार्ग के कि0मी0-2 में खारी पुलिया से पिंगलेश्वर शिव मंदिर तक ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण। (स्टेज-1) | बागेश्वर | 3.00 | 4.50 |
| 27 | वि0ख0 नौगाव के अन्तर्गत टटाऊ क्वालगांव झुमराडा मोटर मार्ग के किमी0 03 (क्वालगांव) मे मन्दिर के नीचे ठौका होते हुए बिजोरी तक ग्रामीण मोटर मार्ग का निर्माण। (स्टेज-1) | उत्तरकाशी | 1.25 | 1.88 |
| 28. | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 खटीमा के अन्तर्गत ग्राम राणा वनकटिया में लिंक मार्ग से | ऊधमसिंहनगर। | 0.65 | 0.39 |



...ated from eOffice by BIJENDRA VERMA, RO-BV, REVIEW OFFICER, Rural Works Department on 28/03/2022 04:27 PM

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीपुरबिचवा लिंक मार्ग की ओर डामरीकरण कार्य। (अपग्रेडेशन) | | | |
| 29 | जनपद ऊधमसिंहनगर के वि0ख0 खटीमा के अन्तर्गत ग्राम सभा दियूरी में सिगल-पट्टी से सीमा बिष्ट के घर की ओर मार्ग का डामरीकरण कार्य। (अपग्रेडेशन) | ऊधमसिंहनगर। | 0.850 | 0.51 |
| | योग- | | **53.495** | **70.125.** |

(रूपये सत्तर लाख बारह हजार पॉच सौ मात्र)

Signed by Mayawati
Dhakriyal
Date: 28-03-2022 16:22:16

(मायावती ढकरियाल)
अपर सचिव।

Signed by Sachin
Sharadchandra Kurve
Date: 28-03-2022 16:16:10



Generated from eOffice by BIJENDRA VERMA, RO-BV, REVIEW OFFICER, Rural Works Department on 28/03/2022 04:27 PM